**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- भारत और चीन ने शिपकी–ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार खोलने पर जताई सहमति।
- राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत सौ करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश में वनीकरण को दिया जाएगा बढ़ावा।
- सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप– कांग्रेस ने राष्ट्रहित के बजाए हमेशा स्वहित को दी प्राथमिकता।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कई क्षेत्रों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**सहमति**

भारत और चीन उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर ज़िले के शिपकी–ला और सिक्किम के नाथू–ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार खोलने पर सहमत हो गए हैं। दोनों पक्ष वर्ष 2026 से कैलाश पर्वत गंग रेनपोछे और मानसरोवर झील की तीर्थ यात्रा जारी रखने और इसके विस्तार पर भी सहमत हुए हैं। हाल ही में भारत यात्रा के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर के साथ बैठक की थी। दोनों मंत्रियों ने इस बैठक में भारत और चीन के बीच व्यापार फिर शुरू करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। राज्य सरकार को उम्मीद है कि पारम्परिक सीमा व्यापार फिर शुरू होने से प्रदेश में पर्यटन, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के मां ज्वालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण पर सौ करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**पठानिया**

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज दिल्ली में दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शिरकत की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह ने सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने भारत के संविधान और विधायी संस्थाओं को आकार देने में विट्ठल भाई पटेल की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विट्ठल भाई

पटेल एक महान स्वतंत्रता सैनानी ही नहीं बल्कि विधायी संस्थाओं के सशक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण के अग्रदूत और महानायक भी थे।

**प्रधानमंत्री – प्रकाश पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएँ जीवन को आलोकित करती हैं और हमें करुणा, विनम्रता व सेवा के मूल्यों का विनम्र स्मरण कराती हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रज्ञा मार्ग पर चलने की अपील की है ताकि यह दुनिया एक बेहतर स्थान बन सके। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री गुरू ग्रंथ साहिब की शिक्षाएं समाज को सेवा, सच्चाई और भाईचारे के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना अगले पांच वर्षों में सौ करोड़ रूपये की लागत से लागू की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य जनसमुदाय के सहयोग से वनों के संरक्षण और विकास को सुदृढ़ करना है। योजना के तहत आज शिमला ग्रामीण की गढेरी पंचायत में पौधरोपण के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना में पंजीकृत महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य सामुदायिक संगठनों को वनीकरण गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत बसंतपुर खंड में 24 हज़ार पौधे लगाए गए हैं।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहित के बजाए स्वहित को प्राथमिकता दी है। हमीरपुर ज़िले में आज विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इसी रवैए का परिणाम है कि पार्टी सांसदों ने संसद के मॉनसून सत्र में पूरे समय चर्चा से भागने व कार्यवाही को अवरूद्ध करने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह जताने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी दलों की आलोचना भी की।

**जगत सिंह**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सुनियोजित विकास को बढ़ावा देने और सैटेलाइट टाउन बसाने के लिए कार्य कर रही है। इस पहल से बेहतर शहरीकरण के लिए लोगों को उच्च स्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने आज सोलन ज़िले के बद्दी उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सैटेलाइट टाउन बसाने और औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के विषय में अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श भी किया। जगत सिंह नेगी ने बताया कि सरकार ने शिमला शहर और बद्दी, बरोटीवाला व नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में भीड़ के दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित की है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में जन कल्याण की दिशा में अनेक योजनाएं शुरू की हैं। धर्माणी ने बताया कि इन योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि योजनाएं धरातल पर ज़रूरतमंदों को लाभान्वित कर सकें।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज मंडी ज़िले के आपदा प्रभावित बालीचौकी क्षेत्र का दौरा किया। इस क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा से सम्पत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा के कारण बालीचौकी में एक दर्जन से अधिक घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं जबकि 30 से अधिक घरों को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार से आपदा प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने की मांग की है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित अनेक भागों में बीते 24 घंटों के दौरान व्यापक वर्षा हुई है। लगातार हो रही वर्षा से नदी–नाले उफान पर है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही है। चंबा ज़िले में भी भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित है और 82 सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं। इसके अलावा ज़िले में 4 सौ से अधिक विद्युत ट्रांसफार्मर और 36 पेयजल योजनाएं ठप्प हैं। ज़िले की ऊंची चोटियों पर हुई ताजा बर्फबारी के कारण साच दर्रे की ओर जाने वाला मार्ग अवरूद्ध हो गया है।

***चम्बा जिला में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश से जहां जिला में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं इस बारिश से कई स्थानों पर नुकसान भी हुआ है। पठानकोट–भरमौर एन एच सहित जिला के कई अन्य मुख्य सड़क मार्ग वाहनों की अवाहजाही के लिए अवरुद्ध हो गए हैं। जगह जगह हुए भू–स्खलन के चलते जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा हेतु फिलहाल मणीमहेश यात्रा रोक लगा दी है। वहीं इस बारिश से चम्ब– भरमौर एन एच मार्ग पर पत्थर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है वहीं जिला के भटियात क्षेत्र की मेल पंचायत के तेइ गांव में 2 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं जबकि 6 अन्य मकानों को नुकसान हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए चंबा से विकास ठाकुर।***

प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 3 सौ 3 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 37 लोग अभी भी लापता है। मंडी ज़िले में सबसे अधिक 51 लोगों की मृत्यु हुई है। राज्य में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 82 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। मौसम विभाग ने 26 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों सहित नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- भारत और चीन में शिपकी–ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार खोलने पर जताई सहमति।
- राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत सौ करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश में वनीकरण को दिया जाएगा बढ़ावा।
- सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप– कांग्रेस ने राष्ट्रहित के बजाए हमेशा स्वहित को दी प्राथमिकता।

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कई क्षेत्रों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित।